# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

**दिनांक : 06.01.2026** **समय : 1905**

- पश्चिम बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरा मिली विसंगतियों पर निर्वाचन आयोग का कड़ा रूख।
- सी बी एस ई ने परीक्षा के तनाव से निपटने के लिए मनोवैज्ञानकि परामर्श सेवा शुरू की।
- एन सी सी कैडिटों की परमवीर सागर यात्रा को राजधानी श्री विजयपुरम से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।
- दक्षिण अंडमान जिला परिषद अध्यक्ष ने मंगलुटान और वन्डूर में विकास कार्यों का निरीक्षण किया।

<><><><><><><>

निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण– एस आई आर के दौरान मतदाता सूची के कथित आंकड़ों की विसंगतियों से संबंधित सभी नोटिस अगले चार से पांच दिनों के भीतर संबंधित मतदाताओं तक पहुंचाने का सख्त निर्देश जारी किया है। आयोग ने कहा है कि इस काम में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस संबंध में राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी के कार्यालय ने सभी जिला चुनाव अधिकारियों को आज से प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में ऐसे कितने नोटिस भेजे गए हैं इसकी प्रतिदिन रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश जारी किया है। राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण– एस आई आर के दौरान लगभग एक करोड़ 36 लाख मतदाताओं के आंकड़ों में विसंगतियां पाई गई थीं। बाद में सत्यापन और सुधारों के बाद यह संख्या कम हो गई है। नवीनतम आंकड़ों के अनुसार ऐसे मतदाताओं की संख्या घटकर लगभग पंचानबे लाख रह गई है।

<><><><><><><>

द्वीपों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा है कि तेईस दिसंबर को प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची के संबंध में दावे और आपत्तियां दर्ज करने में मतदाताओं की सुविधा के लिए दस और ग्यारह जनवरी को सभी मतदान केंद्रों पर विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। दावे और आपत्तियां बाईस जनवरी तक दर्ज किए जा सकते हैं। इन दिनों बूथ स्तर के अधिकारी अपने–अपने मतदान केंद्रों पर उपलब्ध रहेंगे। इन शिविरों के दौरान नागरिक मतदाता सूची में अपना नाम सत्यापित कर सकते हैं। इसके अलावा अट्ठारह वर्ष से अधिक आयु के सभी भावी मतदाता या वे मतदाता, जिनके नाम सूची में शामिल नहीं है, वे फॉर्म–छः और घोषणा पत्र भरकर आवेदन कर सकते हैं। नाम हटाने के लिए फॉर्म–सात और सूची में सुधार या स्थानांतरण के लिए फॉर्म–आठ का उपयोग कर सकते हैं। प्रारूप मतदाता सूची मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट ceoandaman.nic.in और चुनाव आयोग के पोर्टल voters.eci.gov.in पर उपलब्ध है। किसी भी सहायता के लिए मतदाता अपने संबंधित BLO से संपर्क कर सकते हैं या मतदाता हेल्पलाइन नंबर एक नौ पांच शून्य पर कॉल कर सकते हैं। सभी आवश्यक फॉर्म BLO के पास उपलब्ध हैं।

<><><><><><><>

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड – सी बी एस ई ने परीक्षा संबंधी तनाव से निपटने के लिए विद्यार्थियों के लिए मनोवैज्ञानिक परामर्श सहायता शुरू की है। सी बी एस ई की परीक्षाएं इस वर्ष 17 फरवरी से शुरू हो रही हैं। यह सेवा तनाव मुक्त होकर परीक्षा देने के बारे में महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान करती है। कक्षा 10वीं और 12वीं के परीक्षार्थियों के लिए निःशुल्क परामर्श इस वर्ष पहली जून तक जारी रहेगा। इस पहल का उद्देश्य परीक्षा संबंधी तनाव को कम करना है। विद्यार्थी टोल–फ्री नंबर 180–011–80–04 पर हिंदी और अंग्रेजी में चौबीस घंटे सहायता प्राप्त कर सकते हैं। यह सेवा तनावमुक्त तैयारी, प्रभावी समय और तनाव प्रबंधन, अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों के उत्तर के बारे में मार्गदर्शन प्रदान करती है। इस सेवा के अंतर्गत विद्यार्थियों और अभिभावकों को सी बी एस ई से संबद्ध विद्यालयों के प्रधानाचार्यों, परामर्शदाताओं, विशेष शिक्षकों और योग्य मनोवैज्ञानिकों सहित तिहत्तर प्रशिक्षित पेशेवर सहायता प्रदान करेंगे। इनमें से बारह परामर्शदाता नेपाल, जापान, कतर, ओमान और संयुक्त अरब अमीरात में हैं।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीप समूह के राष्ट्रीय कैडेट कोर के 20 कैडेटों की मुख्य टीम द्वारा शुरू की गई परम वीर सागर यात्रा को आज ऐतिहासिक फ्लैग पॉइंट से हरी झंडी दिखाई गई। इस अभियान का उद्घाटन अंडमान निकोबार कमान के कमांडर–इन–चीफ वाइस एडमिरल अजय कोचर ने किया। कार्यक्रम में नौसेना के सी कैडेट कोर और भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के कैडेटों सहित 600 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। परम वीर सागर यात्रा एक अनूठा नौकायन अभियान है, जिसके तहत द्वीप समूह के एन सी सी कैडेट भारतीय नौसेना के जहाज पर सवार होकर परम वीर चक्र विजेताओं के नाम पर नामित 21 निर्जन द्वीपों की यात्रा करते हैं और देश के वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। इस यात्रा का पहला चरण पिछले वर्ष 17 से 20 दिसंबर तक आयोजित किया गया, जिसमें 20 कैडेटों ने 12 निर्जन द्वीपों का दौरा किया था। अभियान दल अब अंडमान

निकोबार कमान के एक अन्य नौसैनिक युद्धपोत पर सवार होकर शेष 9 निर्जन द्वीपों की यात्रा के लिए रवाना होगा। इसके पश्चात यह दल नई दिल्ली पहुंचेगा, जहाँ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा यात्रा को हरी झंडी दिखाई जाएगी। इस दौरान कैडेट इन द्वीपों की मिट्टी से युक्त 'परम वीर मति कलश' प्रधानमंत्री को भेंट करेंगे।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला परिषद अध्यक्ष प्रकाश अधिकारी ने कल मंगलूटान और वंडूर क्षेत्रों का दौरा कर वहां चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ कार्य एवं विकास समिति के अध्यक्ष अब्दुल बशीर तथा जिला परिषद के इंजीनियरिंग विंग के अधिकारी मौजूद थे, जिनमें कार्यकारी अभियंता, सहायक अभियंता और कनिष्ठ अभियंता शामिल थे। निरीक्षण के दौरान मंगलुटान में एन आर एस डी कार्य तथा वंडूर में ग्रामीण सड़क सुधार से संबंधित कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। अध्यक्ष ने संबंधित अधिकारियों और कार्यान्वयन एजेंसियों को निर्देश दिए कि शेष कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा किया जाए और निर्माण में गुणवत्ता व निर्धारित मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए। जिला परिषद अध्यक्ष ने कहा कि विकास कार्यों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण पूरा होना स्थानीय जनता के हित में अत्यंत आवश्यक है। यह निरीक्षण दक्षिण अंडमान जिला परिषद की उस प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिसके तहत क्षेत्र में विकासात्मक कार्यों को तय समय सीमा में पूरा कर लोगों को लाभ पहुंचाने पर जोर दिया जा रहा है।

<><><><><><><>

ग्राम पंचायत कार्यालय विम्बर्लीगंज में ग्राम सभा की बैठक बारह जनवरी को आयोजित की जाएगी। यह बैठक सुबह साढ़े दस बजे पंचायत हॉल में संपन्न होगी। बैठक में वर्ष 2026–27 के लिए ग्राम पंचायत विकास योजना को अंतिम रूप दिया जाएगा। इसके साथ ही ग्राम पंचायत स्तर पर विभिन्न लाइन विभागों की वर्ष 2026–27 की योजनाओं पर भी चर्चा कर उन्हें अंतिम रूप देने का प्रस्ताव है। बैठक के एजेंडे में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के तहत वर्ष 2026–27 की प्रारूप योजना को स्वीकृति देना भी शामिल है। इसके अलावा विविध विषयों पर भी चर्चा की जाएगी। ग्राम पंचायत ने सभी ग्राम सभा सदस्यों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि, समय और स्थान पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाएं। साथ ही सभी विभागों से अनुरोध किया गया है कि वे ग्राम सभा में उपस्थित होकर वर्ष 2025–26 में किए गए कार्यों की जानकारी दें और ग्राम विकास योजना 2026–27 के अंतर्गत प्रस्तावित विभागीय कार्यों को प्रस्तुत करें।

<><><><><><><>